# बस्ता मुक्त दिवस (मासिक मेमो)

**राजस्थान को पहचानो** — **प्रथम शनिवार (01 जुलाई 2023)** **माहः– जुलाई 2023**

| कक्षा समूह | गतिविधि | उद्धेश्य | कियान्वयन विवरण |
|---|---|---|---|
| अंकुर कक्षा 1 से 2 | पहचानो कौन ? | विभिन्न पशुओं व पक्षियों व उनकी विशेषताओं को जानना। | विद्यार्थियों का सदनवार समूह बना लें, अब बारी–बारी प्रत्येक समूह के विद्यार्थियों से शिक्षक के द्वारा अथवा अन्य किसी विद्यार्थी के द्वारा अलग–अलग पशु पक्षियों की आवाज निकाल कर अथवा अभिनय कर अन्य विद्यार्थियों से पशु पक्षियों के नाम व उन पशुओ व पक्षियों की उपयोगिता, रंग–रूप, आकार, उनके भोजन आदि के बारे मे भी पूछा जायेगा। |
| प्रवेश कक्षा 3 से 5 | मेरा गाँव मेरी नजर से | स्थानीय व्यवसाय व सेवाओं के बारे में जानना। | सर्वप्रथम विद्यार्थियों के सदनवार समूह बना लिये जायेंगे। शिक्षक द्वारा सभी समूह से हर विद्यार्थी को एक एक किरदार का अभिनय करने के लिये बुलाया जायेगा। जैसे एक को डॉक्टर, एक को किसान, एक को दूध वाला आदि विविध किरदारों का अभिनय करने को कहा जाएगा। जिस सदन समूह के विद्यार्थियों का अभिनय श्रेष्ठ होगा वह सदन विजेता होगा। इस हेतु शिक्षक विद्यार्थियों से एक दिन पहले ही चर्चा कर उनका किरदार तय कर सकते हैं, ताकि वे घर पर तय किरदार के अभिनय हेतु तैयार कर सके। |
| दिशा कक्षा 6 से 8 | बूझो तो जाने | राजस्थान के जिलो की भौगोलिक स्थिति बारे में जानना | इस गतिविधि में राजस्थान के मानचित्र व राजस्थान के जिलों के नाम की पर्चियां तैयार करनी होंगी। बच्चे गोल घेरे में बैठ जायेंगे पास में राजस्थान का मानचित्र प्रदर्शित होगा। अध्यापक राजस्थान के जिलों के नामों वाली पर्ची बीच में डालेंगे व एक एक बच्चे को बारी बारी से एक पर्ची को उठाना होगा तथा पर्ची में लिखे जिले का नाम बोलकर मानचित्र में बताना होगा व बच्चों द्वारा उस जिले के दर्शनीय स्थलों व उस जिले के संबन्ध में अन्य जानकारी के बारे बताया जायेगा। |
| क्षितिज कक्षा 9 से 10 | जाने स्वतंत्रता स्ग्राम सेनानियों को | राजस्थान के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बारे में जानना | आवश्यक सामग्री – राजस्थान के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्र (यदि उपलब्ध हैं तो ) चार्ट, कलर, पेंसिल<br>गतिविधि कराने का तरीका – सर्वप्रथम बच्चों को उचित बैठक व्यवस्था (सदन वार समूह) में बैठा कर अध्यापक विभिन्न स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बारे में सामान्य जानकरियां देंगे तथा समूहवार एक एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का नाम आवंटित कर उसके बारे में और जानकारियाँ एकत्रित कर प्रस्तुतीकरण करवाएंगे। |
| उन्नति कक्षा 11 से 12 | आओ जाने अपने गाँव को | विद्यार्थी अपने गाँव के विभिन्न जगहों, संसाधनों, आदि को नक्शे में समझ पाएंगे (रिसोर्स मैपिंग की अवधारणा से परिचित हो पाएंगे)। | आवश्यक सामग्री– सफ़ेद चूना, पीला रंग मिला चूना, विभिन्न प्रकार के रंग(यदि उपलब्ध हैं तो) लकड़ी, पत्थर आदि।<br><br>विद्यार्थियों को सदन वार समूह में विभाजित कर लेंगे, अब प्रत्येक समूह अपने गाँव की प्रमुख सड़क, उससे मिलती हुई गलियां, उन गलियों में पड़ने वाले जल के स्त्रोत, जैसे कुऐं, तालाब, मंदिर, जंगल, पंचायत भवन, स्कूल, अस्पताल आदि का उल्लेख सफ़ेद चूने अथवा अलग अलग रंग या वस्तुओं से करते हुए अपने गाँव का नक्शा तैयार करेंगे, इसके बाद समूह वार अपने नक़्शे का प्रस्तुतीकरण करेंगे तथा बताएँगे की गाँव के विकास हेतु किन किन सुविधाओं की आवश्यकता है। |

# बस्ता मुक्त दिवस (मासिक मेमो)

**भाषा कौशल विकास (हिन्दी) – द्वितीय शनिवार (08 जुलाई 2023) माहः– जुलाई 2023**

| कक्षा समूह | गतिविधि | उद्धेश्य | कियान्वयन विवरण |
|---|---|---|---|
| अंकुर कक्षा 1 से 2 | मैं कौन....? | सोचने और बोलने के कौशल का विकास करना | सभी बच्चे यू–आकार में बैठें। शिक्षक चित्र कार्ड या पर्चियों पर जानवर/ फल/ वस्तु के चित्र बनाकर उल्टा रख दें। अब किसी एक बच्चे को आगे आकर एक चित्र कार्ड उठाने को कहें। ध्यान रहे, चित्र कार्ड बाकी बच्चे न देख पाएँ। अब चित्र कार्ड में बन चित्र के बारे में उसे कुछ बताना है।<br>जैसे – अगर आम का चित्र आया है तो वह बता सकता है – यह एक बहुत मीठा फल है और हम इसे गर्मियों के मौसम में खाते हैं इत्यादि। यह सुनकर कक्षा के बाकी बच्चों को अंदाजा लगाना है कि उसके पास जो कार्ड है वह किस चीज का है। बारी–बारी हर बच्चे को एक कार्ड उठना है व उस चित्र के बारे में बताना है। |
| प्रवेश कक्षा 3 से 5 | आओ खेलें शब्दों की अंताक्षरी! | शब्द भण्डार और भाषा का विकास होना। | बच्चों को दो समूह में बाँट लें। शिक्षक पहले कोई भी एक शब्द बोलें जैसे खेल। अब पहले समूह को शब्द के आखिरी अक्षर से नया शब्द बताना है जैसे ***'लकीर'***। फिर दूसरे समूह को शब्द को ध्यान से सुनकर इसकी आखिरी अक्षर से एक शब्द बताना है जैसे ***'रस्सी'***। इसी तरह यह शब्दों की अंताक्षरी चलती रहेंगी। हर सही शब्द/जवाब के लिए समूह को एक अंक दें। |
| दिशा कक्षा 6 से 8 | सुनते जाओ, बनाते जाओ | सुनने, समझने और प्रस्तुत करने के कौशल का विकास करना। | आवश्यक सामग्रीः–कुछ चित्र, सफ़ेद काग़ज़, रंग और पेंसिल<br>बच्चे दो– दो की जोड़ी में बैठें। हर जोड़ी से एक–एक बच्चे को सामने बुलाएं और उसे एक चित्र दें किंतु ध्यान रहे कि उसका जोड़ीदार उस चित्र को न देख पाए। अब वह बच्चा अपने जोड़ीदार को चित्र के बारे में विस्तार से बताएं और दूसरा बच्चा सुनकर उस चित्र को बनाएं। जब सब बच्चे अपना चित्र बना ले तब वह मुख्य चित्र को देखें और उससे मिलान करें। उसके बाद जोड़ी में प्रस्तुतीकरण करें कि चित्र मुख्य चित्र जैसा बना है या नहीं अगर नहीं बना है तो क्या कारण रहें। |
| क्षितिज कक्षा 9 से 10 | दस सवाल देंगे जवाब | बोलने और प्रासंगिक प्रश्नों के महत्व पर समझ विकसित करना | शिक्षक कुछ प्रसिद्ध व्यक्तित्व के नाम चिट पर लिखें जैसे की – महात्मा गांधी, ए. पी. जे. अब्दुल कलाम, सचिन तेंदुलकर आदि। अब बच्चों को बताएं कि आज की गतिविधि में उन्हें एक चिट उठानी है जिस पर एक प्रसिद्ध व्यक्तित्व का नाम लिखा होगा। बारी–बारी हर समूह से एक बच्चा आगे आकर चिट उठाएंगे। समूह के अन्य सदस्यों को अधिकतम दस प्रश्न पूछकर व्यक्ति की पहचान का अनुमान लगाना होगा। जो समूह कम से कम प्रश्न पूछकर सही अनुमान लगाता है वह जीत जाता है। प्रश्नों के उदाहरण हैं**:** 'क्या यह एक महिला है?'<हाँ> 'क्या वह एक खिलाड़ी है?' <नहीं> 'क्या वह एक राजनेता है?' चिट उठाने वाले बच्चे को केवल 'हाँ' या 'नहीं' में जवाब देना होग। अब कक्षा को समूह में बाँट कर गतिविधि को शुरू करें। |
| उन्नति कक्षा 11 से 12 | मैं हूँ आपका रेडियो जॉकी | लेखन वाचन, संवाद करते समय आवाज का उतार–चढ़ाव और शरीर की भाषा, प्रस्तुति कौशल विकसित करना | बच्चों को 4 या 6 के समूहों में विभाजित करें।<br>इस गतिविधि में बच्चों को एक रेडियो कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए एक स्क्रिप्ट तैयार करने होगी। रेडियो–शो में एक रेडियो जॉकी होना चाहिए। एक विषय चर्चा का और एक साक्षात्कार सत्र होना चाहिए, साथ ही फिलर्स (जैसे चुटकुले, विज्ञापन, गाने/संगीत)।<br>टीम को अपना शो पेश करने के लिए 10 मिनट का समय दिया जाएगा।<br>प्रत्येक टीम को तय समय सीमा का पालन करना होगा। प्रत्येक टीम के 10 मिनट समाप्त होने के बाद ताली/बजर का उपयोग किया जाना सकता है। सभी प्रदर्शनों के अंत में, कक्षा को यह तय करने के लिए कहा जाएगा कि उन्हें कौन सा प्रदर्शन सबसे अच्छा लगा और क्यों। |

# बस्ता मुक्त दिवस (मासिक मेमो)

भाषा कौशल विकास (अंग्रेजी) – द्वितीय शनिवार (08 जुलाई 2023) माहः– जुलाई 2023

| Class Group | Name of Activity | Objective of activity | Implementation of Activity |
|---|---|---|---|
| **Ankur Class 1 & 2** | **Simon says** | To focus on active listening | The teacher will stand in the centre and students will make a circle around the teacher.<br>The teacher will give physical instructions using 'Simon says' in the beginning and students have to act according to the instructions. For example - Simon says touch your nose/ Simon says touch your feet/ Simon says touch your right ear/ Simon says touch your stomach and laugh loudly etc. |
| **Pravesh Class 3 to 5** | Let's shake hands | Joining two words to form a compound word, and to developing collaboration skills | Inform the students that today they will do a fun activity of forming new words by combining 2 words. Give them an example – Foot + ball= Football<br>Tell the students that they cannot open the chit till everyone has not got their chits. Make some chits of these kinds of words (Tooth, snow, bed, black, fish, birth, board, brush, day, hair, room, star, ball etc.). Pass the bowl of chits and ask each one to pick one chit. The rule is that they can't talk but can move freely in the class and find their partner (the child having the chit of foot has to find the child with the chit of ball) and shake hands with him/her. They will stand with their partner quietly till everyone has found their partner. Now ask them to share the words one by one. Collate their responses on the board and ask them to read them aloud and discuss the meaning. |
| **Disha Class 6 to 8** | Tongue twisters | Help students to learn correct pronunciation | Ask students to read the tongue twisters aloud such as 'She sells sea shells on the sea shore', 'A proper copper coffee pot', 'Red lorry, yellow lorry, red lorry, yellow lorry', 'A big black bug bit a big black bear', 'Peter Piper picked a peck of pickled peppers'. Start with simple ones and work your way up. Then ask students one by one to read them again but faster. Then ask them to read them as fast as they can three times in a row. Ask the students to write and ask each other if they know any tongue twisters. |
| **Kshitij Class 9 to 10** | **Alone on an island** | To improve critical thinking, problem solving and argumentative skills | Give each student a piece of paper and tell them to draw an item—any item. Collect the drawings and pass them in the class; no student should receive their own drawing. Next, tell the students that they are alone on an island. The only thing each student will have on the island is the item in the drawing given to them. Each student has to come forward and convince the class that the item on the drawing they have received will help them survive. They can choose to show picture in their hand to convince others. |
| **Unnati Class 11 to 12** | Guess the word | Speech, developing communication collaboration, and creative skills | Divide the class into two groups by counting 1,2,1,2…, all 1s in team 1 and all 2s in team 2. Tell the teams that we will be playing mime/charades today. Each team will get 5 minutes to think and prepare 5 chits of words or phrases on any given topic. (For e.g., if the topic is "Adventure", the clues can be travel, train, trekking, etc.) One member from team 1 will come and pick a chit from team 2 and enact it without speaking. Now other members of team 1 will have to identify the word within 2 minutes by seeing the mime action. Then the teams will switch turns. They will get 1 point for every correct answer. The team scoring more points wins. After all the words have been guessed, the teams will again get 5 minutes to think, create and share, a short and interesting story out of the words they have enacted. |

# बस्ता मुक्त दिवस (मासिक मेमो)


**खेलेगा राजस्थान बढ़ेगा राजस्थान – तृतीय शनिवार (15 जुलाई 2023) माहः– जुलाई 2023**

| कक्षा समूह | गतिविधि का नाम | उद्धेश्य | क्रियान्वयन विवरण |
|---|---|---|---|
| अंकुर कक्षा 1 से 2 | लंगड़ी टांग | शारीरिक क्षमता का विकास व सतर्कता, एकाग्रता व स्फूर्ति का संचार करना। | सर्वप्रथम खेल के मैदान में जमीन पर एक गोल घेरा बना लिया जायेगा। सभी विद्यार्थियों को उस गोल घेरे में बुला कर लंगड़ी टांग खेला जायेगा। लंगड़ी टांग के लिये किस बच्चे की बारी सबसे पहले होगी यह शिक्षक अपने तरीके से चुनेगे। वह बच्चा लंगड़ी पर सभी दूसरे बच्चों को छूने का प्रयास करेगा बाकी बच्चे उससे बचने की कोशिश करेंगे किन्तु जमीन पर बने गोल घेरे से बाहर नही जायेंगे। यदि लंगड़ी से बच्चा किसी बच्चे को छू लेगा ता उसकी बारी आयेगी या कोई बच्चा गोल घेरे से बाहर निकला है तो उसकी बारी आयेगी। इसी प्रकार यह खेल बच्चे आनंद के साथ खेल सकेगे। |
| प्रवेश कक्षा 3 से 5 | कुर्सी दौड़ | विद्यार्थियों को प्रतिक्रिया हेतु सतर्क बनाना, एकाग्रता व स्फूर्ति का संचार करना। | कुर्सी दौड़ हेतु खुले स्थान पर खेलने वाले कुल विद्यार्थियों की संख्या के बराबर कुर्सी/स्टूल गोल घेरे में लगाना है। सभी कुर्सियों मे एक–दूसरे से लगभग 3 फीट की दूरी रखनी है। सभी बच्चों का गोल घेरे मे लगी कुर्सियों/स्टूलों पर बिठाना है, इसके शिक्षक द्वारा मोबाईल पर कोई म्यूजिक अथवा कोई गाना बजाना होगा, जैसे ही म्यूजिक अथवा गाना बजेगा सभी बच्चे गोल घेरे में लगी कुर्सियों के घेरे के चारों ओर दौड़ना शुरू कर देंगे, जब तक म्यूजिक चलेगा बच्चे दौड़ेगे, इसी दौरान शिक्षक द्वारा गोल घेरे मे लगी कुर्सियों में से एक कुर्सी हटा दी जायेगी। कुछ समय बाद शिक्षक द्वारा अचानक म्यूजिक बन्द कर दिया जायेगा, जिसके बन्द होते ही जिसे बच्चे को जो भी कुर्सी मिलेगी वह उस पर बैठ जायेगा व एक बच्चा जो कुर्सी पर नहीं बैठ पायेगा वह बच्चा बाहर हो जायेगा व जो बच्चा अंत में बचेगा वह प्रथम विजेता होगा। |
| दिशा कक्षा 6 से 8 | चैन/ सांकल डंडा | बच्चों में समूह भावना का विकास, शारीरिक विकास व प्रतियोगी भावना का विकास | सर्वप्रथम खेल के मैदान में खेल की सीमा निर्धारित की जायेगी। इसके उपरांत शिक्षक अपने तरीके से एक विद्यार्थी का चयन करेंगे जो अन्य बच्चों को छूने का प्रयास करेगा जो तय की गयी निर्धारित सीमा में मैदान के बचने के लिये भागेंगे। जब पहला बच्चा किसी बच्चे का छू लेगा तो वह बच्चा भी पहले वाले बच्चे का हाथ पकड़कर अन्य बच्चों को छूने का प्रयास करेगा। जैसे–जैसे अन्य बच्चों को छूता जायेगा तो वैसे–वैस अन्य बच्चे भी उसी चैन में जुड़ते जायेंगे। इस प्रकार यह कड़ी बड़ी होती जायेगी। शिक्षक इस खेल के बालक एवं बालिकाओं के अलग–अलग समूह बना सकते हैं। |
| क्षितिज कक्षा 9 से 10 | लम्बी/ऊँची कूद या 100/200 मीटर दौड़/ अन्य व्यक्तिगत् प्रतियोगिता | प्रतिभा पहचान व विभिन्न खेलों हेतु प्रोत्साहित करना। | बालक एवं बालिकाओं के अलग अलग समूह बनाकर उपलब्ध सुविधाओं व विद्यार्थियों की रूचि के अनुसार लम्बी कूद/ऊँची कूद या 100/200 मीटर दौड़/ अन्य खेलों की सदनवार प्रतियोगिता करवाना व विजेताओं को प्रोत्साहित कर उन्हे आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना। |
| उन्नति कक्षा 11 से 12 | बालीबॉल/खो–खो/ कोई यक्तिगत् प्रतियोगिता | सतर्कता, शारीरिक विकास, प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करना। | बालक एवं बालिकाओं के अलग अलग समूह बनाकर उपलब्ध सुविधाओं व विद्यार्थियों की रूचि के अनुसार बालीबॉल/खो–खो/कबड्डी आदि खेलों का आयोजन करना, इन खेलों को सदनवार प्रतियोगिता के रूप मे आयोजित किया जाना व विजेताओं का मनोबल बढ़ाना। (क्षितिज समूह की तरह उन्नति समूह मे भी बालक व बालिओं की अन्य व्यक्तिगत् प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा सकता है) |

# बस्ता मुक्त दिवस (मासिक मेमो)

**मैं वैज्ञानिक बनूंगा –** **चतुर्थ शनिवार ( 22 जुलाई 2023)** **माहः– जुलाई 2023**

| कक्षा समूह | गतिविधि का नाम | उद्धेश्य | कियान्वयन विवरण |
|---|---|---|---|
| अंकुर<br>कक्षा 1 से 2 | हमारी इन्द्रियां | 1.विद्यार्थियों को हमारी इन्द्रियों ( कान, नाक व जीभ आदि) के बारे में जानकारी देना एवं खेल – खेल में उनकी हमारे जीवन में क्या भूमिका है, पर समझ बनाना । | विद्यार्थियों को सदनवार पाँच समूहों में विभाजित कर उनके साथ अलग– अलग गतिविधियां की जावेगी।<br>**1.सुनने पर आधारित गतिविधियां**–एक छात्र की आखों पर पटटी बांध दे और बाकी बच्चे उसके चारों और गोल घेरे मे खडे रहे। गोले में खडे बच्चे बारी–बारी से कुछ आवाज करें। हर बार बीच वाला बच्चा आवाज की दिशा बताये। वह कितनी बार आवाज की दिशा बता पाता है? अब बीच वाले बच्चे के कान को रूई से बन्द करके इसी गतिविधि को दोहराये।<br>**2.सूंघने पर आधारित गतिविधियां**– कुछ ऐसे पदार्थ इकट्ठे करे, जिनकी तेज गंध होती है, जैसे चाय की पत्ती, लोंग, संतरा और कुचली हुई पत्तियां आदि। अब बारी बारी से विद्यार्थियों की आखों पर पट्टी बाधंकर अलग–अलग चीजें सुंघाकर उनको पहचानने को कहे एवं सूची बनाएं।<br>**3.स्वाद पर आधारित गतिविधियाँ** –एक साफ सींक पर शक्कर का घोल लगायें और उसे विद्यार्थियों के जीभ के अलग–अलग हिस्सों से छुआएं। आप पायेंगें की मीठे स्वाद को जीभ की आगे वाली नोक ही पहचान पायेगी । इसी प्रकार नमकीन स्वाद को जीभ के बगल वाले सिरे ही पहचान पायेगें। |
| प्रवेश<br>कक्षा 3 से 5 | 1.गरम एवं ठण्डे पानी के साथ रोचकप्रयोग | 1.विद्यार्थियों को पानी के घनत्व के बारे में समझ बन पायेगी साथ ही गरम एवं ठण्डे पानी के गुणों के बारे मे समझ विकसित होगी। | **आवश्यक सामगी**– कॉच का गिलास, ड्रापर, पानी एवं रंग<br>गतिविधि कराने कर तरीका–<br>1.सभी बच्चों से सामूहिक रूप से बैठाकर पानी के गुणों पर चच्र करेगे कि इसमें कुछ वस्तुएं डूब जाती है तथा कुछ तैर जाती हैं। ऐसा क्यों होता है?<br>अब दो कॉच के गिलास में पानी लेते है ,एक गिलास में ठण्डा पानी तथा दूसरे गिलास में गर्म पानी लेते है । गर्म पानी वाले गिलास में पानी में स्याही डालकर रंगीन बना लेते है। अब रंगीन पानी जो गर्म है जिसकी कुछ बूंदे ठण्डे पानी में डालते है। अवलोकन के दौरान पानी की बूंदें कुछ समय तक ठण्डे पानी की ऊपरी सतह पर ही रहता है। और कुछ समय बाद यह ठण्डे पानी में घुल जाता है।<br>**प्रयोग का निष्कर्ष**– गर्म पानी का घनत्व ठण्डे पानी से कम होने के कारण यह रंगीन पानी तैरता रहता है। इस हेतु बच्चों से चर्चा करे एवं सोचने का अवसर दे। |
| दिशा<br>कक्षा 6 से 8 | बारिश मापने का यन्त्र (Rain Gauge) | विद्यार्थियों को वर्षामापी यन्त्र की कार्य प्रणाली से अवगत कराना। | आवश्यक सामगी– प्लास्टिक की 1 लीटर की बोतल, कैंची, स्केल ।<br>गतिविधि कराने कर तरीका–विद्यार्थियों को सदनवार बिठाकर आवश्यक सामग्री उपलब्ध करायेगें। अब विद्यार्थी एक लीटर वाली बोतल लेकर चाकू से उसे गर्दन के पास के बेलनाकार भाग को काटकर अलग कर लें। बोतल का उपरी भाग एक कीप (फनल) का कार्य करेगा। अब ऊपर के भाग को बोतल पर कीप जैसा उल्टा करके रखें। कीप के कारण बोतल का पानी भाप बनकर नही उड़ पायेगा। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | अब इस बोतल को खुली जगह में नीचे वाला भाग का कुछ हिस्सा जमीन में गाड़ दे, जिससे बोतल के गिरने का खतरा नहीं रहेगा। अब समय–समय पर कितना पानी बरसा है, उसको सेमी या मिमि में नाप सकते है। |
| क्षितिज कक्षा 9 से 10 | गुब्बारा गाड़ी बनाना (कबाड़ से जुगाड़) | न्यूटन के क्रिया प्रतिक्रिया नियम की समझ बनाना। | आवश्यक सामग्री –प्लास्टिक की बोतल, गुब्बारा, टेप, खाली रिफिल एवं कैंची। चार ढक्कन (पहिये बनाने हेतु)<br>गतिविधि कराने कर तरीका–विद्यार्थियों को सदनवार बिठाकर आवश्यक सामग्री उपलब्ध करायेगें। अब चित्र में दिखाये अनुसार बोतल में छेद करके ढक्कन के पहिये लगा देगें। बोतल के ऊपर (पीछे के हिस्से में) एक तिरछा छेद करके खाली रिफिल या स्ट्रॉ लगा देगें। अब स्ट्रा के द्वारा हवा भरेगें तो गुब्बारा फूल जायेगा। अब इसकों छोड़ने पर यह तेजी से आगे की ओर दौडेगा जब तक गुब्बारे की पूरी हवा न निकल जाये। अब विद्यार्थियों से चर्चा करेगें कि ऐसा क्यों हुआ और कौन–कौनसे उदाहरण है जिसमें ऐसा होता है ?<br> |
| उन्नति कक्षा 11 से 12 | 1.कम्पोस्ट खाद बनाना | 1.कम्पोस्ट एवं जैविक खाद के महत्व पर समझ बनाना। | **क्रियात्मक कार्य**–सामग्री– गैंती, फावड़ा, तगारी आदि<br>1.सभी विद्यार्थियों को सदनवार बिठाकर आवश्यक सामग्री उपलब्ध करायेगें एवं सदनवार ही उन्हें कम्पोस्ट खाद बनने की प्रकिया पर चर्चा करेगें।<br>2.अब सदनवार ही विद्यार्थी एक गड्डा बनाकर उसमें सड़ी गली पत्तियां गोबर आदि डालकर ढक देगें एवं थोड़ा पानी डालकर नियमित अवलोकन करेगें एवं अगले माह के शनिवार को इसको खोल कर वापस अवलोकन करेगें, एवं वर्तमान समय में कम्पोस्ट खाद की जरूरत एवं मृदा स्वास्थ्य पर चर्चा करेगें। |

# बस्ता मुक्त दिवस (मासिक मेमो)

**बालसभा अपनो के साथ** **पांचवा शनिवार (29 जुलाई 2023)** **माहः– जुलाई 2023,**

| कक्षा समूह | गतिविधि | उद्धेश्य | क्रियान्वयन विवरण |
|---|---|---|---|
| अंकुर कक्षा 1 से 2 | सफाई की बात अपनों के साथ | साफ़–सफाई से रहने व हाथ धोने के सही तरीके पर समझ बनाना | आवश्यक सामग्रीः– साबुन, पानी की व्यवस्था , साफ़ सफाई सम्बन्धी चित्र ( यदि उपलब्ध हैं तो)<br>गतिविधि कराने का तरीकाः– बच्चों को सदन वार समूह बनाकर बैठा लीजिये, अब शिक्षक छात्रों को साफ़ सफाई के महत्व के बारे में तथा हाथ धोने के तरीके के बारे में जानकारी देंगे। अध्यापकों अथवा इको क्लब के सदस्यों द्वारा ,बच्चों को सही से हाथ धोने का डेमो भी दिया जा सकता है जहाँ बच्चे अपने हाथ सही तरीके से धोना सीख पायेंगे। |
| प्रवेश कक्षा 3 से 5 | मेरी प्रतिभा, तुम भी देखो | प्रतिभाओं का प्रदर्शन करना, आत्मविश्वास बढाना तथा मंच का भय दूर करना | गतिविधि कराने का तरीकाः– बच्चों को सदन वार समूह बनाकर बैठा लीजिये। अध्यापक पूर्व में ही विभिन्न बच्चों के नाम तथा वो किस प्रतिभा का प्रदर्शन करना चाहते हैं की सूची बना लेंगे व जिसके अनुसार बाल सभा वाले दिन बच्चे अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान अध्यापक एवं अन्य बच्चे उनका उत्साहवर्धन करेंगे। |
| दिशा कक्षा 6 से 8 | सामुदायिक बालसभा | समुदाय से विद्यालय का सम्बन्ध घनिष्ठ करने में सहायता | समुदाय से अभिवावक, शिक्षक तथा बच्चे मिलकर विद्यालय के विकास तथा बच्चों की प्रगति पर चर्चा करेंगे। शिक्षक तथा अभिवावक बच्चों में घर पर पढ़ने की आदत का विकास करने पर चर्चा करेंगे तथा समुदाय से उपस्थित लोग बच्चो को कहानी, कविता, गीत आदि सुनायेंगे। |
| क्षितिज कक्षा 9 से 10 | गीत व कहानी प्रतियोगिता | बच्चों में रचनात्मक अभिव्यक्ति के विकास में सहायता मिलेगी | आवश्यक सामग्रीः–चार्ट, कलर, पेंसिल<br>बच्चों को उचित बैठक व्यवस्था (सदन वार समूह में ) में बैठा कर अध्यापक कुछ रचनात्मक विषय बच्चों को देंगे जिस पर बच्चे गीत या कहानी बनाने का प्रयास करेंगे, शिक्षक बच्चो से समूहवार चार्ट पर प्रस्तुतीकरण करवाएंगे। |
| उन्नति कक्षा 11 से 12 | विचार–विमर्श | गाँव / विद्यालय की प्रमुख समस्याओं पर विचार विमर्श जागरूक होना | छात्रों को सदन वार समूह में विभाजित कर लेंगे तथा उन्हें गाँव तथा विद्यालय की प्रमुख समस्याओं जैसे गाँव में पानी की समस्या, विद्यालय में पुस्तकालय में पुस्तकों की कमी आदि को चिन्हित करेंगे तथा उनके संभावित उपायों पर भी विचार विमर्श कर अपनी समस्या का संभावित समाधान प्रस्तुत करेंगे। |

- *प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को विद्यालयों में एक भारत श्रेष्ठ भारत से संबन्धित गतिविधियों का आयोजन किया जाये।*
- *प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों हेतु उपभेक्ता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जायें। प्रत्येक माह के तृतीय व चतुर्थ शनिवार को कक्षा 3 तक के विद्यार्थियों हेतु निपुण भारत गतिविधियां आयोजित करवायें।*
- *जुलाई, अक्टूबर व जनवरी माह के तृतीय शनिवार को विद्यार्थियों हेतु गुड–टच व बैड टच संबधित डॉक्यूमेट्री / शिक्षाप्रद फिल्म का प्रदर्शन / कार्यशाला आदि का आयोजन (2 घंटे अवधि) तक कराया जाना सुनिश्चित करें व जुलाई, सितम्बर व जनवरी माह के प्रथम शनिवार को सड़क सुरक्षा सम्बंधित गतिविधिं आयोजित करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये।*
- *15 अगस्त, 26 जनवरी व 2 अक्टूबर के अतिरिक्त पंचांग में दर्शाये गये समस्त उत्सवों / जयन्तियों का आयोजन आगामी शनिवार को किया जाये। शिक्षकों व सक्रिय भागीदारी निभाने वाले विद्याार्थियों द्वारा विधिवत् रूपरेखा तैयार कर उक्त शनिवार से पूर्व ही पूरी तैयार कर ली जाये, ताकि बस्ता मुक्त दिवस के दिन समारोहपूर्वक गतिविधियों को आयोजित किया जा सके।*
- *माह के अंतिम शनिवार को समस्त गतिविधियों के उपरांत समस्त राजकीय विद्याालय में 40 मिनट अवधि तक शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा स्वैच्छिक श्रमदान किया जाये। पारम्परिक घरेलू कुटीर उद्योग का व्यवहारिक प्रदर्शन कारवाया जाये, जैसे मिट्टी के बर्तन या खिलौने बनाना, तकली कातना, चरखे का उपयोग इत्यादि। इस हेतु विद्यालय के आसपास से कारीगर / कलाकार / विषय–विशेषज्ञ को विद्यालय में आमन्त्रित कर प्रत्यक्ष प्रदर्शन करवाने कर प्रयास किया जा सकता है।*